<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के लिए जारी की एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि। उत्तर प्रदेश को मिले सबसे अधिक इकतीस हजार नौ सौ बासठ करोड़ रुपये।
- हाथरस भगदड़ मामले में लखनऊ में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए नारायण सरकार हरि। करीब सवा दो घंटे तक हुयी पूछताछ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विद्यार्थियों से किया संवाद। कहा– भारत के डीएनए में है ज्ञान, विज्ञान और तकनीक।
- शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर आज प्रदेश के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में दर्शन–पूजन के लिये उमड़े श्रद्धालु। मुख्यमंत्री ने नवमी पर घोषित किया सार्वजनिक अवकाश।

**********

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के लिए कल एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार, आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई है। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक इकतीस हजार नौ सौ बासठ करोड़ रुपये जारी किये गये। दूसरे और तीसरे नम्बर पर बिहार और मध्य प्रदेश को ये राशि दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह अग्रिम किस्त हमारे त्योहारी सीजन की तैयारियों को बढ़ावा देगी और पूरे राज्य में विकास और कल्याणकारी पहलों को गति देगी।

**********

हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ के मामले में कल नारायण सरकार हरि लखनऊ में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए। न्यायिक आयोग ने सूरज पाल से करीब सवा दो घंटे तक पूछताछ की। हाथरस में दो जुलाई को नारायण हरि के सत्संग में मची भगदड़ से एक सौ इक्कीस लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने न्यायिक आयोग का गठन किया था। नारायण सरकार के वकील ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जांच कमेटी को सीसी टीवी के फुटेज और वीडियो उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वो पूरा सहयोग कर रहे हैं।

***मैने नामजद जो लोग थे, नामजद किया है सीसी टीवी फुटेज दिया है, जो उनके फोटो थे वो दिये है, नाम दिया, पता दिया, एड्रेस दिये हैं। सब कुछ हमने सौपा है। अब उन्हें जांच करना है।, अब आगे का प्रोसेस जो होगा, वो हाथरस में होगा।***

**********

अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली दीपावली पर भव्य और दिव्य दीपोत्सव आयोजित होगा। प्रदेश सरकार इस बार छोटी दीपावली पर अयोध्या के पचपन घाटों पर पच्चीस लाख से अधिक दीप जलाकर सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने का प्रयास करेगी। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को इस आयोजन की ज़िम्मेदारी दी गई है। एक रिपोर्ट–

***रामलला की नगरी अयोध्या की राम की पैड़ी के 55 घाटों पर 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने के लिए 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे। इसके लिए 30 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जायेंगे। विश्वविद्यालय परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ के स्वयंसेवक इसमें हिस्सा लेंगे। राम की पैड़ी के सभी घाटों पर दीयों में 90 हजार लीटर सरसों का तेल लगेगा। 26 अक्टूबर से घाटों पर दीए की खेप पहुंचनी शुरू हो जायेगी। 27 अक्टूबर से स्वयं सेवकों द्वारा घाटों पर दीए बिछाने के साथ 30 अक्टूबर को दीए प्रज्ज्वलित करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

शिक्षा मंत्रालय ने आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल शुरू किया। युवा संगम विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं का लोगों से संबंध मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। अट्ठारह से तीस वर्ष की आयु के युवा, इस पोर्टल पर पंजीकरण कराकर इसमें शामिल हो सकते हैं।

**********

केन्द्रीय पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री एस.पी. सिंह बघेल की अध्यक्षता में कल एटा जिले में आयोजित 'दिशा' समिति की बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार–प्रसार पर जोर दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जीवन बीमा योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत समेत कई योजनाओं पर चर्चा की और इनके प्रभावी क्रियान्वयन की अपील की।

**********

प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कल शाम संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि प्रदेश में तीस दिसम्बर तक सात हजार नई बसें चलायी जायेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के तेइस बस अड्डों को हवाई अड्डों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। परिवहन मंत्री ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ के लिये ग्यारह अस्थाई बस डिपो बनाने जाने की जानकारी दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रथम बैच के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप तैयार करने की। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है, जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।***

**********

आज शारदीय नवरात्र का आखिरी दिन है। आज नवरात्र की नवमी तिथि पर प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी है। श्रद्धालु मॉ भगवती के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। मिर्जापुर जिले के विन्ध्याचल स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचलधाम में ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। वहां से हमारे प्रतिनिधि ने बताया–

***माँ विंध्यवासिनी की जय– जयकारो के बीच 9 दिनो से चल रहा शारदीय नवरात्र मेले का आज अंतिम दिन है। आज भी दर्शनार्थियों की भारी भीड़ माँ विंध्यवासिनी के दर्शन के लिये उमड़ी हुई है। अब तक लाखों की संख्या मे श्रद्धालु माँ विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर चुके हैं। आज रात कुंवारी कन्या पूजन के साथ मेला सम्पन्न हो जाएगा। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार मिर्जापुर***

बलरामपुर जिले के देवीपाटन शक्तिपीठ में भी मां भगवती के दर्शन–पूजन के लिये श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी है। बाइट–

सीतापुर जिले के नैमिषारण्य स्थित मॉ ललिता देवी मंदिर और वाराणसी के दुर्गाकुण्ड पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन को पहुंच रहे हैं। गोरखपुर जिले में तरकुलहा देवी मंदिर और महराजगंज जिले में स्थित लेहड़ा देवी मंदिर पर भी आज नवरात्र के आखिरी दिन माता के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संगठनों की मांग पर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी के लिये नवमी तिथि पर आज सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

**********

ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामोद्योग उद्यमी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत पुरस्कार पाने के लिए के लिए पन्द्रह अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। ये आवेदन वित्तीय वर्ष दो हजार तेइस–चौबीस के लिए आमंत्रित किए गए हैं।

**********

मिर्जापुर के विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के दुहौवा गांव में तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत होने की खबर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी बच्चों का शव तालाब से निकलवा कर कब्जे में ले लिया है।

**********

लखनऊ में चार अक्टूबर से शुरू हुई बयालीसवीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू पुरुष आमंत्रण प्राइज मनी हॉकी प्रतियोगिता अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। लीग मुकाबलों के बाद उत्तर प्रदेश एकादश, इंडियन ऑयल, कैग दिल्ली और मुंबई कस्टम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल कल होगा।

**********